उ0 प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0
(उ0 प्र0 सरकार का उपक्रम)
14 –अशोक मार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ– 226001
U.P. RAJYA VIDYUT UTPADAN NIGAM LTD.
14- ASHOK MARG, SHAKTI BHAWAN, LUCKNOW-226001
CIN: U31901UP1985SGC007135

संख्याः 952**/औ0सं0/उनिलि/2026-2/औ0सं0/2026** **दिनांकः** 15**/09/2026**

मुख्य महाप्रबन्धक (अनपरा/ओबरा/पारीछा/हरदुआगंज/पनकी/जवाहरपुर) ता0परि0, उ0प्र0 उनिलि।
मुख्य अभियन्ता (परि0 एवं अनु0)/महाप्रबन्धक (का0 एवं प्रशा0), जल विद्युत इकाई, उनिलि।

विषयः **दिनांक 17.09.2026 से 17.10.2026 तक "सेवा संकल्प अभियान" आयोजित किये जाने के संबंध में।**

सेवा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उच्चस्तरीय समिति में विचार-विमर्श के उपरान्त निगम की समस्त परियोजनाओं/विद्युत गृहों एवं कार्यालय परिसरों में दिनांक **17.09.2026 से 17.10.2026** तक **"सेवा संकल्प अभियान"** आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

अतः निर्देशित किया जाता है कि उक्त अभियान के अंतर्गत निम्न गतिविधियों का प्रभावी एवं सुव्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित किया जाए–

1. **रखरखाव एवं विद्युत आपूर्तिः** सभी परियोजनाओं में आवश्यक Preventive/General Maintenance एवं सुरक्षा संबंधी कार्य कराए जाएँ । साथ ही Computers एवं अन्य Office Equipment तथा AC Units/Drain Lines की आवश्यक सफाई/जाँच भी कराई जाए।
2. **स्वच्छता एवं Visible Improvement:** कार्यालयों, उपकेन्द्रों, आवासीय कॉलोनियों एवं अन्य परिसरों में Deep Cleaning, सुव्यवस्थीकरण एवं श्रमदान कराया जाए। उपेक्षित स्थानों, Washrooms, Name/Sign/Direction Boards आदि की विशेष सफाई तथा आवश्यक मरम्मत कराई जाए और परिसरों में स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाले सुधार सुनिश्चित किए जाएँ।
3. **अपशिष्ट प्रबंधन एवं अभिलेख सुव्यवस्थीकरण:** कचरे के उचित संग्रहण, पृथक्करण एवं निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। Stores/Record Rooms में आवश्यक Stacking/ Indexing कराया जाए तथा Scrap एवं Condemned Material के नियमानुसार निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।
4. **आशीर्वाद का दियाः** दिनांक 17.09.2026 को सायं 07:00 बजे सभी प्रमुख परिसरों एवं कार्यालयों को दीपक से प्रकाशित किया जाए।
5. **स्वास्थ्य परीक्षण/मेडिकल कैम्पः** अभियान के अंतर्गत निगम के कर्मचारियों एवं कार्यरत संविदा/ठेका श्रमिकों हेतु निम्नानुसार निर्धारित तिथियों पर स्वास्थ्य परीक्षण/मेडिकल कैम्प

Scanned with OKEN Scanner

आयोजित किया जाए–

क्र.सं.	दिनांक	परियोजना/स्थल
1	28.09.2026 से 30.09.2026	ओबरा ताप विद्युत गृह
2	01.10.2026 से 03.10.2026	अनपरा ताप विद्युत गृह एवं खारा जल विद्युत परियोजना
3	05.10.2026 से 07.10.2026	हरदुआगंज ताप विद्युत गृह, परीछा ताप विद्युत गृह, पनकी ताप विद्युत गृह, पिपरी जल विद्युत परियोजना एवं माताटीला जल विद्युत परियोजना
4	08.10.2026 से 10.10.2026	जवाहरपुर ताप विद्युत गृह

6. **रक्तदान शिविर:** अधिकृत/सक्षम स्वास्थ्य संस्था के समन्वय से निम्नानुसार निर्धारित तिथियों पर रक्तदान शिविर आयोजित किया जाए तथा अधिकारियों, कर्मचारियों, संविदा/ठेका श्रमिकों एवं अन्य इच्छुक व्यक्तियों की स्वैच्छिक सहभागिता को प्रोत्साहित किया जाए–

क्र.सं.	दिनांक	परियोजना/स्थल
1	22.09.2026	ओबरा ताप विद्युत गृह
2	23.09.2026	अनपरा ताप विद्युत गृह एवं खारा जल विद्युत परियोजना
3	24.09.2026	हरदुआगंज ताप विद्युत गृह एवं पिपरी जल विद्युत परियोजना
4	25.09.2026	परीछा ताप विद्युत गृह एवं माताटीला जल विद्युत परियोजना
5	26.09.2026	पनकी ताप विद्युत गृह
6	28.09.2026	जवाहरपुर ताप विद्युत गृह

7. **महिला स्वास्थ्य जागरूकता:** महिला कार्मिकों एवं संबंधित महिला कर्मचारियों/श्रमिकों के लिए महिला स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाए।
8. **चित्रकला प्रतियोगिता:** बच्चों हेतु "मेरे सपनों का भारत" विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाए।
9. **प्लास्टिक मुक्त परिसर:** परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से विशेष अभियान चलाया जाए तथा प्लास्टिक के अनावश्यक उपयोग को हतोत्साहित किया जाए।
10. **फोटोग्राफिक अभिलेखीकरण एवं प्रचार-प्रसार:** अभियान के अंतर्गत किए गए प्रमुख कार्यों का उच्च गुणवत्ता का फोटोग्राफिक/डिजिटल अभिलेखीकरण कराया जाए। प्रमुख कार्यों के Before & After Photographs/Videos सुरक्षित रखे जाएँ। प्रत्येक क्षेत्र/मण्डल/खण्ड से कम से कम एक Best Practice/Visible Improvement का विवरण एवं फोटोग्राफ/वीडियो मुख्यालय को उपलब्ध कराया जाए। उपलब्ध कराये गये दिशा-निर्देशों के अनुसार फोटोग्राफ/कार्यक्रम विवरण निगम की वेबसाइट **www.uprvunl.org** तथा My Bharat Portal **(https://mybharat.gov.in/)** पर अपलोड कराया जाएगा।
11. **नोडल अधिकारी:** "सेवा संकल्प अभियान" के प्रभावी समन्वय, आयोजन, अनुश्रवण एवं रिपोर्टिंग हेतु निम्नानुसार नोडल अधिकारियों का नामांकन किया जाता है–

Scanned with OKEN Scanner

क्र.सं.	स्तर/कार्य	नोडल अधिकारी	दायित्व
1	परियोजना स्तर	प्रत्येक परियोजना में तैनात **अधीक्षण अभियंता (मुख्यालय)**	अभियान की समस्त गतिविधियों के समन्वय, आयोजन, दस्तावेजीकरण एवं रिपोर्टिंग के लिए उत्तरदायी होंगे।
2	मुख्यालय स्तर - समग्र अनुश्रवण	**श्री हरिकान्त, मुख्य अभियंता (मानव संसाधन)**	समस्त परियोजनाओं से समन्वय स्थापित करते हुए "सेवा संकल्प अभियान" के समग्र संचालन एवं सफल आयोजन का अनुश्रवण करेंगे।
3	स्वास्थ्य परीक्षण/मेडिकल कैम्प एवं रक्तदान शिविर	**महाप्रबंधक (मेडिकल)**	स्वास्थ्य परीक्षण/मेडिकल कैम्प एवं रक्तदान शिविर से संबंधित समस्त गतिविधियों के समन्वय एवं अनुश्रवण के लिए उत्तरदायी होंगे।
4	वेबसाइट/ऑनलाइन अपलोडिंग	**मुख्य अभियंता (प्रगति)**	अभियान से संबंधित फोटोग्राफ, वीडियो एवं कार्यक्रम विवरण के वेबसाइट/ऑनलाइन अपलोडिंग संबंधित कार्यों का समन्वय एवं अनुश्रवण करेंगे।

12. **दिनांकवार कार्यक्रम, वेंडर विवरण एवं रिपोर्टिंग:** प्रत्येक परियोजना द्वारा अभियान की गतिविधियों का दिनांकवार कार्यक्रम तैयार करते हुए सफल आयोजन सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक कार्यक्रम की संक्षिप्त रिपोर्ट एवं फोटोग्राफ सुरक्षित रखे जाएँ। साथ ही, विशेष रूप से हाउस कीपिंग एवं अन्य संबंधित कार्यों में कार्यरत वेंडरों/एजेंसियों का विवरण निर्धारित प्रारूप में संधारित किया जाए। उक्त विवरण का संबंधित मुख्य अभियंता (सिविल)/अधीक्षण अभियंता/अधिशासी अभियंता (सिविल) द्वारा सत्यापन सुनिश्चित किया जाए।

सत्यापित विवरण निम्न प्रारूप में रखा जाए–

क्रम संख्या	वेंडर/ एजेंसी का नाम	कार्य/गतिविधि का स्थान	कार्य /गतिविधि की तिथि

यह भी सुनिश्चित किया जाए कि समस्त कार्यक्रमों का आयोजन उपलब्ध संसाधनों तथा प्रचलित प्रशासनिक एवं वित्तीय नियमों के अनुरूप किया जाए तथा अभियान में अधिकारियों, कर्मचारियों, संविदा/ठेका श्रमिकों एवं उनके परिवारों की यथासंभव व्यापक सहभागिता सुनिश्चित हो। कृपया उक्त निर्देशों का समयबद्ध एवं प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का कष्ट करें।

भवदीय,

15/9/25

(रजनीश रस्तोगी)

निदेशक (कार्मिक प्रबंधन एवं प्रशासन)

Scanned with OKEN Scanner